[13/2/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 61]

परिशिष्ट "अ"

विधानसभा प्रश्न क्रमांक 61 तारांकित (सत्र - फरवरी, 2024)

1-छत्रसाल स्टेडियम- का कार्य मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना तृतीय फेस के अंतर्गत स्वीकृत है जिसमें कुल 05 घटक शामिल है। पेवड पाथवे, इन्ट्रेन्स गेट , भवन का निर्माण कार्य, पवेलियन का निर्माण कार्य, पवेलियन का निर्माण, सी.सी.रोड निर्माण कार्य ठेकेदार को नगर पालिका द्वारा दिनांक 12.01.2022 को कार्यादेश दिया गया था अब तक भवन का निर्माण कार्य छत लेवल तक पूर्ण कर लिया गया है। 30 अप्रेल 2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करा लिया जाना लक्षित है।

2-जुगल किशोर स्टेडियम- निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश दिनांक 05.10.2023 को जारी किया गया है। वर्तमान में प्लिंथ स्तर तक का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। कार्य 30जून 2024 तक समयावधि में पूर्ण करा लिया जावेगा।

3-जुगल किशोर महालोक- जुगल किशोर महालोक डी.पी.आर. बनाने हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की गई थी, किन्तु निविदाकार द्वारा समयावधि में डी.पी.आर. प्रस्तुत न करने पर निविदा निरस्त कर द्वितीय ई-निविदा दिनांक 20.01.2024 को जारी कि गई जो कि दिनांक 30.01.2024 को खोली जावेगी।

4-धरम सागर तालाब में महाराजा छत्रसाल जी की मूर्ति स्थापना- धरमसागर तालाब में महाराजा छत्रसाल की मूर्ति स्थापना हेतु ई-निविदा के उपरांत संबंधित निविदाकार को कार्यादेश दिनांक 04.10.2023 दिया गया है। उक्त तालाब में वर्तमान में जलस्तर अधिक होने से कार्य में विलंब हो रहा है। उक्त कार्य 30 जून 2024 तक पूर्ण करा लिया जावेगा।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल